आकाशवाणी केन्द्र शिमला
17.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में करीब 69 करोड़ रुपये की विकासात्मक परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। इनमें 4 करोड़ 82 लाख रुपये की लागत से निर्मित पुलिस थाना घुमारवीं और 3 करोड़ 67 लाख रुपये की लागत से सीर खड्ड में निर्मित चैक डैम व डाईक के कार्यों का उद्घाटन शामिल है। बाद में उन्होंने घुमारवीं में हिमाचल प्रदेश पैंशनर्स संयुक्त मोर्चा द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में शिरकत की। इस अवसर पर पैशनरों के योगदान को नमन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने अपनी ईमानदारी और निष्ठा से प्रदेश व सरकार की नींवों को मजबूत किया है। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि सरकार कर्मचारियों व पैशनरों के कल्याण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक प्रदेश सरकार द्वारा कर्मचारियों व पैंशनरों के एरियर पर कुल 2 हजार एक सौ 55 करोड़ रूपए खर्च किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के राजस्व में सुधार होने पर कर्मचारियों व पैशनरों के एरियर जैसी देनदारियों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिलासपुर में भाखड़ा बांध के विस्थापितों की मदद के लिए राज्य सरकार नीति बनाने पर विचार कर रही है। इस अवसर पर तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी और आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

बैठक

हिमाचल प्रदेश खादी व ग्रामोद्योग बोर्ड की बैठक उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान की अध्यक्षता में आज शिमला में आयोजित की गई। इस दौरान बोर्ड से संबंधित विभिन्न विभागीय व नीतिगत मुददों पर चर्चा हुई। बैठक में उद्योग मंत्री ने खादी व गामोदयोग से जुड़े कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन, रोजगार सृजन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने बोर्ड की अधिकारिक वेवसाइट का शुभारंभ भी किया और कहा कि ये वैवसाईट विभाग की योजनाओं, कार्यक्रमों, गतिविधियों व उपलब्धियों की जानकारी आम लोगों तक सरल व पारदर्शी तरीके से पहुंचाने में मददगार साबित होगी।

राजीव भारद्वाज

केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने कहा है कि 2 सौ किलोमीटर लंबी पठानकोट–जोगिन्द्रनगर नैरोगेज़ लाईन को ब्रॉडगेज़ लाईन में परिवर्तित करने का सर्वे कार्य पूरा कर लिया गया है और इसकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जा रही है। कांगड़ा लोकसभा क्षेत्र से सांसद डॉक्टर राजीव भारद्वाज के सवाल पर लोकसभा में उन्होंने ये जानकारी देते हुए बताया कि 57 किलोमीटर लंबी जोगिन्द्रनगर रेलवे लाईन का सर्वे करवाया गया है, लेकिन इसमें ट्रैफिक कम आंकी गई है। केंद्रीय रेल मंत्री ने बताया कि बिलासपुर–मनाली–लेह रेलवे लाईन को रक्षा मंत्रालय ने सामरिक महत्व की परियोजना के रूप में चिन्हित किया है और इस रेल लाईन के सर्वे के बाद विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर ली गई है।

सिकंदर कुमार

केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रताव राव जाधव ने कहा है कि मंत्रालय ने राष्ट्रीय अंधत्व और दृष्टिबाधित नियंत्रण कार्यक्रम यानि एन.पी.सी.बी.वी.आई के माध्यम से पहाड़ी दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों में चल रहे नेत्र इकाईयों के ज़रिए जांच की पहल की है। राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार के सवाल के जवाब में उन्होंने ये जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी दृष्टि जांच केंद्र स्थापित किए गए हैं। प्रताव राव जाधव ने बताया कि एन.पी.सी.बी.वी.आई के स्कूल नेत्र जांच कार्यक्रम के तहत हिमाचल प्रदेश सहित राज्यों व संघ राज्य क्षेत्रों में स्कूली बच्चों को निःशुल्क चश्में दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य 6 से 18 वर्ष की आयु के बच्चों में अपवर्तक दोषों की शीघ्र पहचान व सुधार करना है।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में इन दिनों शुष्क ठंड का दौर जारी है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार 19 दिसंबर की रात से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से 20 व 21 दिसम्बर को चार जिलों चंबा, कांगड़ा, लाहौल स्पिति और कुल्लू की ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार ने बताया कि मैदानी इलाकों में कुछ स्थानों पर अगले तीन दिन घना कोहरा छाए रहने का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

*19 तारीख तक पूरे प्रदेश में मौसम साफ बना रहेगा। 20 तारीख को डिस्ट्रिक चम्बा, लाहौल स्पीति में इसकी हाइट में बर्फबारी की संभावना है। 21 तारीख को वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय रहेगा। हालांकि इसका जो इफेक्ट है वो केवल डिस्ट्रिक चम्बा, कांगड़ा, लाहौल स्पीति,किन्नौर, कुल्लू में बारिश के साथ बर्फबारी की संभावना हो सकती है। हमारे जो मैदानी डिस्ट्रिक हैं उसमें कोई मेजर एक्टिविटी नहीं रहेगी। डिस्ट्रिक्ट बिलासपुर में भाखड़ा बांध के आसपास के एरिया हैं, मंडी सिटी है जो बल्ह वैली है। डिस्ट्रिक्ट हमीरपुर में जो क्षेत्र है सुजानपुर वहां पे लेट नाईट और अर्ली मॉर्निंग डेंस टू मॉडरेट फॉग होने की संभावना है। उन्हीं डिस्ट्रिक्ट्स में येलो अलर्ट जारी किया गया है।*

---